मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-112
14/03/2024

# मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त 2901 आयुष चिकित्सकों तथा 219 सहायक अभियंताओं को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

पटना, 14 मार्च 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों सुश्री अनीता कुमारी, सुश्री अफसाना बेगम, श्री यशवंत कुमार, सुश्री श्वेता रंजन, श्री हरिशंकर चौबे, डॉ0 भारती कुमारी, श्री उदय कुमार मिश्रा, श्रीमती बबीता कुमारी, सुश्री संगीता कुमारी, श्री प्रवीण कुमार, श्रीमती स्मृता श्री, श्री अब्दुल कलाम, सुश्री बुशरा हयात, सुश्री राहत जहां को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत सहायक अभियंता श्री नीरज कुमार, श्री अमित कुमार, श्रीमती निवेदिता भारती, सुश्री संगीता रानी सिन्हा एवं विकास कुमार गुप्ता को भी सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तथा नगर एवं आवास विभाग के मंत्री श्री सम्राट चौधरी और उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने भी नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों एवं सहायक अभियंताओं को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 2901 नवनियुक्त आयुष चिकित्सकों तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत 219 सहायक अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को हरित पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री सह नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्यपदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के अपर कार्यपालक पदाधिकारी श्री सुहर्ष भगत, बी0एम0एस0आई0सी0एल0 के प्रबंध निदेशक श्री धर्मेंद्र कुमार, बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्री अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं नवनियुक्त आयुष चिकित्सकगण एवं सहायक अभियंतागण उपस्थित थे।

******